प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

हिमाचल दिवस

79वां हिमाचल दिवस आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यस्तरीय समारोह रिकांगपिओ में हुआ, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्य अथिति के रूप में शिरकत की और ध्वजारोहण किया। उन्होंने विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने श्रेणी–एक और श्रेणी–दो के अधिकारियों के 3 फीसदी वेतन स्थगन के निर्णय को वापस लेने की घोषणा की। ––बाईट–सीएम–24''

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपियो के सभी सरकारी संस्थानों, स्कूलों और घरों को भू–तापीय ऊर्जा आधारित केंद्रीय हीटिंग प्रणाली से जोड़ने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तरांडा गांव के लिये 8 करोड़ रूपये की लागत से यातायात सुरंग का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने किन्नौर ज़िले में 21 वर्ष से अधिक की सभी पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 15 सौ रुपये देने का ऐलान किया।

शिमला–हिमाचल दिवस

इधर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए ज़िला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष विनय कुमार भी इस मौके पर मौजूद रहे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अपने लगभग साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने अनेक विकास योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने प्रदेश के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोगों को भी नमन किया।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अब प्रदेश की जनता विश्वास नहीं करती है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि सत्ता में आने के बाद से ही मुख्यमंत्री सैंकड़ों घोषणाएं कर चुके हैं लेकिन एक भी पूरी नहीं की गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज हिमाचल दिवस के मौके पर भी मुख्यमंत्री ने रिकांगपिओ में झूठी घोषणाएं ही की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्दबाजी में फैसले लेती है और बाद में उन फैसलों को वापिस लेना पड़ता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की वेतन कटौती को वापिस लेने का फैसला भी इन्हीं में से एक है।

हिमाचल गौरव

मुख्यमंत्री ने हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेश की अनेक विभूतियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार– 2026 से सम्मानित किया। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन को विभागीय श्रेणी और बल्ह की उपमंडल अधिकारी स्मृतिका नेगी को व्यक्तिगत श्रेणी में सिविल सर्विसिज अवॉर्ड से सम्मानित किया। बिलासपुर ज़िले के पदमश्री प्रेम लाल गौतम, हमीरपुर ज़िले के डॉक्टर ओ.पी. शर्मा, चमियाणा अस्पताल शिमला के प्रधानाचार्य डॉक्टर बृज शर्मा, शिमला की हरलीन कौर और बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं तहसील की स्नेहलता को व्यक्तिगत श्रेणी में हिमाचल गौरव पुरस्कार प्रदान किए गए।

———————————